# उन्नति ने जीता ओडिशा ओपन

## चर्चा में क्यों?

30 जनवरी, 2022 को हरियाणा की 14 वर्षीय उन्नति हुडन्न ओडिशा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला सिंगल्स का खिताब जीतकर सुपर 100 टूर्नामेंट जीतने वाली सबसे युवा भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं।

## प्रमुख बिंदु

- उन्नति ने फाइनल में स्मित तोशनीवाल पर 21-18 तथा 21-11 से जीत दर्ज की, जबकि सेमीफाइनल में इन्होंने मालविका बंसोड़ को पराजित किया था।
- उल्लेखनीय है कि ओडिशा ओपन, 2022 एक बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 टूर्नामेंट है, जो कटक जिले के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में 25 से 30 जनवरी, 2022 तक आयोजित किया गया।
- इसका आयोजन बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन की मंजूरी के साथ किया गया।
- इस टूर्नामेंट में कुल 75,000 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार पूल था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/unnati-wins-odisha-open